तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 14.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, गुरुवार 4 जनवरी 2024

[ बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर ]

10 विकसित भारत संकल्प यात्रा से 25 परिवार हुए धुंए के ...



11 पीएम आवास योजना का लाभ दिलाने मिशनमोड में करें कार्य



## खबर संक्षेप

### वाहन रोककर चालक से मारपीट, जांच शुरू

**कांकेर।** बड़ेतापाल निवासी 26 वर्षीय संदीप दर्रो पिता फूलसिंग दर्रो ने पुलिस को बताया कि वाहन चालक का काम करता हूं। 31 दिसंबर की रात लगभग साढ़े 11 रावघाट माईंस से कच्चा लोहा भरकर कुहचे रेलवे स्टेशन में खाली करके वापिस अंतागढ की तरफ आ रहा था, तभी टीव्हीएस शोरूम के पास आरोपी दीपेन्द्र नेताम उर्फ बिट्टू, राहुल यादव, खोगेश मण्डावी एवं अन्य लोगो के द्वारा मेरा वाहन क्रमांक सीजी 21 जे 0664 को रोककर गाली गलौज करने लगे। उसके बाद मुझे गाड़ी से उतारकर हाथ व लाठी डंडे से मारपीट किया। मारपीट करने वाले बहुत ज्यादा नशे की हालत में थे। मेरे द्वारा कई बार हाथ पैर जोड़ने पर भी उनके द्वारा मारपीट किया गया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 506, 34 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### शराब परोसा बुजुर्ग कोचिया पकड़ाया

**कांकेर।** नरहरपुर थानांतर्गत आमापारा कुरालठेमली निवासी 60 वर्षीय बिरझु राम यादव पिता पुरन यादव के कब्जे से पुलिस ने 2 जनवरी को पुलिस ने महुआ शराब को जप्त किया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी अवैध रूप से लोगो को महुआ शराब पिलाते हुए पकड़ा गया, जिसके कब्जे से 5 लीटर वाली जरकीन में भरा हुआ आधा लीटर महुआ शराब को जप्त किया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 36 (सी) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### एक से दो युवकों ने की मारपीट, विवेचना शुरू

**कांकेर।** कोयलीबेड़ा थानांतर्गत स्कूलपारा बदरंगी निवासी 29 वर्षीय जनक लाल उसेंडी पिता सियाराम ने पुलिस को बताया कि 2 जनवरी को सुबह लगभग 11 बजें मेरे घर के सामने आरोपी बदरंगी निवासी संभूराम दुग्गा और सोहन दुग्गा आया और दोनो ने मिलकर मेरे साथ गाली गलौज कर मारपीट किया है, जिससे मुझे चोट आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 323, 506, 34 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### फांसी झूले युवक की अस्पताल में मौत

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत आवासपारा पखांजुर निवासी 23 वर्षीय कमलेश उसेंडी पिता बुधराम की 2 जनवरी को शाम पौने 7 बजें ईलाज के दौरान सीएचसी पखांजुर में मौत हो गया। अस्पताल के वार्ड ब्वाय ने अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतक ने फांसी लगा लिया था, जिसे ईलाज के लिए अस्पताल में लाया गया था। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

# लामनी पार्क में आस्ट्रेलिया के राष्ट्रीय पक्षी को देखने पहुंचे पर्यटक

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर**

अलग खबर

शहर से लगभग 6 किमी दूर वन विभाग के लामनी पार्क में इस बार नए वर्ष में एक दिन में सुबह से शाम तक लगभग 3924 पर्यटक पहुंचे, जिससे विभाग को 74190 रूपए की आय मिली। इसमें से सबसे ज्यादा पर्यटक संभाग के पहला चिड़िया घर में गुफानुमा टनल में जाकर पक्षियों का दीदार किया। पक्षियों के घरौंदा में अलग-अलग प्रजाति के लगभग 500 से अधिक बैंगलुरू एवं कोलकाता की पक्षियां रखी गई हैं, लगभग 4000 मीटर लंबा और 15 मीटर ऊंचा पक्षियों का आशियाना हैं। पक्षियों के घरौंदा में पर्यटकों ने आस्ट्रेलिया का राष्ट्रीय पक्षी ड्रोमियस नोवाहोलैंडिया यानि एमू को देखने के लिए ज्यादा पर्यटक उमड़े।

पर्यटकों ने बताया कि आस्ट्रेलिया का एमू के साथ पिंजरे से बाहर ही फोटो खिंचवा रहे थे, इसके अलावा पर्यटकों के बच्चों के घुड़सवारी की। अधिकारी उदय सिंह के नेतृत्व में स्व-सहायता समूह की महिलाएं पर्यटकों की सुविधा के शाम तक जुटे रहे। हालांकि प्रत्येक सप्ताह के शनिवार, रविवार एवं छुट्टी के दिन पर्यटक पहुंच रहे हैं। पक्षियों के घरौंदा में पक्षियों को रोज समूह की महिलाएं दाना दे रही है।

## एक दिन में 3924 पर्यटकों से वन विभाग को हुई 74190 रुपए की आय

### साफ-सफाई कर रहे समूह

वन विभाग के जगदलपुर परिक्षेत्र के रेंजर देवेंद्र सिंह वर्मा ने बताया कि विभाग की ओर से पक्षियों का घरौंदा संचालित किया जा रहा है, जिसमें स्व-सहायता समूह की महिलाएं चिड़ियों को दाना एवं पार्क की साफ-सफाई कर रही हैं।



### पर्यटकों का ध्यान दें

वन विभाग के मंडलाधिकारी उत्तम कुमार गुप्ता ने बताया कि एसडीओ एवं परिक्षेत्र अधिकारी को निर्देश दिया कि पार्कमें पहुंचने वाले पर्यटकों का ध्यान दें, जिससे पार्क की आय बढ़ सके।



## धान खरीदी : प्रतिदिन खरीदी की लिमिट बढ़ाने के आवेदन पर ध्यान नहीं

# आधे से कम किसानों ने बेचा धान, टारगेट पूरा करना कठिन

माड़पाल लेम्पस में 11 हजार क्विंटल धान खरीदी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर**

धान खरीदी केंद्र माड़पाल में बुधवार को तौल कांटा जारी रहा, आज 23 किसानों का जिन्होंने टोकन लिया है उनकी धान की खरीदी हुई। इसलिए खरीदी केंद्र में काफी गहमा गहमी रही। हरिभूमि ने यहां खरीदी व्यवस्था का जायजा लिया। अभी तक 11 हजार क्विंटल धान की खरीदी हुई है। जबकि इस साल खरीदी का लक्ष्य 32 हजार क्विंटल का है। जनवरी महीने के शेष बचे 27 दिनो में से लगभग 7 दिन छुट्टियों में चले जाएंगे। शेष बचे 20 दिन में 21 हजार क्विंटल धान की खरीदी कर लक्ष्य पूरा करना आसान नहीं है। यहां अभी तक 260 किसानों ने धान बेचा है। जबकि यहां पंजीकृत किसान 601 हैं, इस लिहाज से आधे किसान ने भी अपना धान नहीं बेचा है। लेम्पस प्रबंधक सूर्यनारायण सेठिया ने बताया कि प्रतिदिन हजार क्विंटल धान खरीदने का आवेदन दिया गया है, अभी लिमिट 782 क्विंटल का है। लेकिन लिमिट बढ़ाने का कोई आदेश नहीं मिला है। यदि 1000-1200 क्विंटल धान खरीदी प्रतिदिन होगी तो लक्ष्य तक पहुंचा जा सकता है, लेकिन लिमिट बढ़ने की संभावना कम ही है। उन्होंने बताया कि 23 किसानों ने टोकन लिया और वे देर शाम तक धान लाकर तौल में जुटे रहे। अभी तक की गई खरीदी 11 हजार क्विंटल में से 6300 क्विंटल धान का उठाव मिलरों ने कर लिया है और अभी बचत धान 4700 क्विंटल है। कुल 2 करोड़ 40 लाख की खरीदी में 1 करोड़ 8 लाख की ऋण वसूली किसानों से कर ली गई है तथा लगभग 1 करोड़ 28 लाख का नगद भुगतान किसानों को कर दिया गया है।



### सरकार से खुश हैं किसान

धान बेचने आए किसान लिगेश्वर, मंगतू, कुलदास, राधिका सेठिया, बलराम और फरसूराम ने हरिभूमि से चर्चा में कहा कि सरकार ने जो वादा किया था वह पूरा होने लगा है। प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी और 3100 रुपये क्विंटल का दाम मिलने से किसानों को राहत मिलेगी। बकाया बोनस भी सरकार ने किसानों के खाते में डाल दिया है, इससे जरूरत के काम पूरे होंगे।

### बिना ब्याज के ऋण से किसान हो रहे समृद्ध

खरीदी केंद्र में किसान नीलकंठ देवांगन, नंदो कश्यप, रघु, तुलावती, कमल साय तथा नंद कुमार ने बताया कि पहले ब्याज में ऋण मिलता था। जिससे किसान हमेशा कर्ज में डूबा रहता था। लेकिन अब बिना ब्याज के ऋण मिलने से किसानों की आर्थिक स्थिति सुधर रही है। इसलिए लिए गए ऋण का धान बेचकर चुकता भी कर रहे हैं। इस तरह किसानों की हालत पर सरकार ध्यान दे रही है इसलिए कर्ज के कारण हमेशा परेशान रहने वाला किसान अब तरक्की कर रहा है।

# सार्वजनिक जगह में चाकू दिखाकर लोगों को धमकाने वाले गिरफ्तार

## मामला दर्ज, आरोपी न्यायालय में पेश



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर**

कोतवाली थाना क्षेत्र के पथरागुड़ा इलाके में चाकू लेकर लोगों को धमकाने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। मामले में आरोपियों के कब्जे से दो चाकू बरामद कर उन्हें न्यायालय में पेश किया गया।

■ पथरागुड़ा व कुम्हारपारा क्षेत्र से पुलिस ने चाकू समेत किया गिरफ्तार

मामले की जानकारी देते हुए सीएसपी विकास कुमार ने बताया कि शहर में चाकू दिखाकर लोगो को डराने, धमकाने व चाकू लेकर मारपीट करने वाले दो युवकों पर कार्रवाई की गई है। आरोपियों द्वारा पथरागुड़ा में चाकू लेकर मारपीट कर मारने की धमकी दिया गया तथा कुम्हारपारा चौक में लोगों को चाकू दिखाकर डराया धमकाया जा रहा था। आरोपियों के खिलाफ मामला सिटी कोतवाली में मामला दर्ज कर दो धारदार चाकू बरामद किया गया है। आरोपी रोशन गुप्ता 21 साल निवासी पथरागुडा भंगाराम चौक व सुरेश बघेल 43 साल निवासी कुम्हारपारा गुरूघासीदास वार्ड को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है। रिपोर्ट दर्ज होते ही त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार करने में निरीक्षक लीलाधर राठौर के अलावा एसआई लोकेश्वर नाग, प्रधान आरक्षक अनंत बघेल, अनिल कन्नौजे, आरक्षक युवराज सिंह ठाकुर, रवि सरदार, भीगु कश्यप व विनोद खेस की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# आदिवासी युवती की पेड़ पर लाश, हत्या की आशंका

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर**

बीजापुर जिले के तोयनार थाना क्षेत्र में आदिवासी युवती की संदेहास्पद परिस्थिति में मौत हो गई है। युवती का शव पेड़ पर लटका मिला है। वहीं उसके सीने, जांघ व पैर में चोट के निशान की बात कही जा रही है। शव को देखने के बाद परिजनों ने हत्या किए जाने की आशंका जताते हुए मामले की जांच करने की मांग की है।



जानकारी के मुताबिक मृतिका दिव्या कोरसा पिता गट्टीराम कोरसा (26), ग्राम मुरमेड़ की रहने वाली थी। मृतका तोयनार में च्वाइस सेंटर में काम करती थी, जो उसके घर मुरमेड़ से लगभग 8 किमी दूर है। पुलिस ने बताया कि मृतका 31 दिसम्बर की सुबह च्वाइस सेंटर जाने के लिए निकली थी, लेकिन शाम तक नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू कर दी। इस बीच 1 जनवरी को मुरमेड़ के करीब खेत के पेड़ में उसका शव लटका हुआ मिला था। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पीएम के लिए बीजापुर जिला अस्पताल भिजवाया गया, जहां पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। काफी गमगीन माहौल में उसका अंतिम संस्कार मंगलवार शाम मुरमेड़ में कर दिया गया।

### चोट के निशान का लगा पता

परिजनों के मुताबिक पूर्व में इसे आत्महत्या का मामला मान रहे थे, लेकिन पीएम के दौरान सीने व जांघ के करीब चोट के निशान व पैरों में काटें फंसे हुए मिले। जिसके बाद उन्होंने हत्या की आशंका जताते हुए मामले की जांच करने की मांग की है। मृतका के जीजा व पापनपाल पंचायत के सरपंच विजय ने कहा कि अगर उसकी हत्या हुई है तो आरोपियों को सख्त से सख्त सजा मिलनी चाहिए और पूरे मामले की गंभीरता से जांच करने की आवश्यकता है।

### शार्ट पीएम रिपोर्ट का इंतजार

मृतका के जांघ के पास खरोच व शरीर के कुछ हिस्से में चोट के निशान पाए गए है। प्रारंभिक जांच में मौत संदेहास्पद लग रहा है, वहीं परिजनों ने भी हत्या की आशंका जताई है। बहरहाल सभी पहलुओं से मामले की जांच की जा रही है, पीएम रिपोर्ट का इंतजार है अगर हत्या की बात आती है, तो हत्या का मामला दर्ज कर जांच की जाएगी।

**- जयसिंग खोटे,** टीआई, तोयनार

# 3.3 करोड़ की ठगी मामले में शिक्षक दंपति गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर**

स्वयं को अभिकर्ता बताते हुए डेली, मासिक व वार्षिक कलेक्शन कर गबन करने के आरोप में कोतवाली पुलिस ने शिक्षक दंपति को गिरफ्तार किया है। जैसे ही शिक्षक दंपति के गिरफ्तार किए जाने की खबर शहर में फैली देनदार थाना पहुंचने लगे। जांच उपरांत पुलिस ने रूपए दुगना करने के नाम पर 70 लोगों से रकम लेने का मामला दर्ज किया है।

■ रकम दुगनी करने के नाम पर 70 लोगों से धोखाधड़ी का मामला दर्ज

सीएसपी विकास कुमार ने बताया कि आरोपियों द्वारा स्वयं को अभिकर्ता बताकर डेली कलेक्शन, मासिक कलेक्शन कर वार्षिक भुगतान किया जाना बताकर रुपए गबन करते हुए 3 करोड़ 3 लाख 12,808 रुपए वसूला गया था। मामले कि रिपोर्ट दर्ज होते ही 24 घंटे के भीतर पुलिस ने लालबाग हाउसिंग बोर्ड कालोनी निवासी दोनो आरोपियों को गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है। मामले में आरोपी जोगेन्द्र यादव उर्फ जूगनू (47) व अरूणा यादव पति जोगेन्द्र यादव उर्फ जूगनू (43) निवासी लालबाग हाउसिंग बोर्ड कालोनी से पूछताछ कर रही है। मामले कि रिपोर्ट महारानी वार्ड निवासी प्रार्थी वेंकेंटेश्वर राव द्वारा दर्ज कराते हुए बताया कि 7 अगस्त 2021 को जोगेन्द्र यादव उर्फ जूगनू व उसकी पत्नी अरूणा यादव व भाई उत्तम यादव निवासी हाउसिंग बोर्ड कालोनी लालबाग जगदलपुर के द्वारा शहर के विभिन्न शासकीय एवं गैर शासकीय, व्यापारियो से डेली कलेक्शन, मासिक कलेक्शन कर वार्षिक भुगतान में दुगुना रकम देना बताकर 70 लोगों से 3 करोड़ रुपए से अधिक जमा करवाया गया। इसके बाद उनके द्वारा लोगों को धोखे में रखकर अभी तक रुपए वापस नहीं किया गया है। दोनों के द्वारा जमा पैसे को किसी को न देकर सभी लोगों के साथ छल करते हुए धोखाधाड़ी किया गया है। रिपोर्ट पर तीनों आरोपियों के खिलाफ थाना कोतवाली में धारा ▶▶| शेष पेज 10 पर






हरिभूमि
पाठक सूचना
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124
नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124
कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124
सुकमा
मो. 9425260296, 9131893124
दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124
बीजापुर
मो. 9424293029, 9131893124

## रिपोर्ट के बाद तय होगा दोनों पुल शुरू रहेगा या बंद होगा पुराना पुल

# दिल्ली के इंजीनियरों की टीम करेंगे गोरिया बहार नाला के पुराने पुल का निरीक्षण

यातायात को दुरुस्त करने गोरिया बहार नाला में पृथक से बना एक नया पुल

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर**

संभागीय मुख्यालय जगदलपुर से ओडिशा रोड में आड़ावाल से पहले गोरिया बहार नाला में लगभग 37 वर्ष पूर्व पुल बना, जो यातायात के हिसाब से कम होने से लोक निर्माण विभाग राष्ट्रीय राजमार्ग की ओर से बाजू में ही नया पुल का निर्माण किया। विभाग सोचनीय है कि पुराने एवं नए पुल को शुरू होगा या पुराने पुल को बंद किया जाएगा। इसके लिए दिल्ली के इंजीनियरों की टीम जगदलपुर पहुंचकर गोरिया बहार नाला के पुराने पुल की जांच करेंगे कि यह पुल यातायात के लिए सही है कि नहीं। इंजीनियरों की टीम ने जांच के बाद रिपोर्ट देंगे, उसके बाद पता चलेगा कि दोनों शुरू रहेगा कि पुराने पुल को बंद किया जाएगा। बताया गया है कि नगरनार स्टील प्लांट के चलते इस मार्ग पर ट्रैफिक का दबाव अपेक्षाकृत काफी बढ़ा है। ऐसे में लोगों को होने वाली दिक्कतों को ध्यान में रखते हुए काफी पहले इस पुल के निर्माण का प्रस्ताव केंद्रीय मंत्रालय को भिजवाया गया था। इसके बाद नई दिल्ली स्थित मंत्रालय से एक टीम आई और सर्वे पूरा करने के उपरांत ओके रिपोर्ट सौंपी। बताया गया कि नाले पर पहले से बने पुल की लंबाई भी इसी के आसपास बताई गई है, जो प्लान तैयार किया गया था, उसके अनुसार नए पुल के बन जाने के बाद इस मार्ग पर पुल से होकर गुजरने के दौरान वन-वे ट्रैफिक नियम लागू किया जाएगा। ओडिशा की ओर ▶▶| शेष पेज 10 पर



### रिपोर्ट के बाद होगा तय

लोक निर्माण विभाग राष्ट्रीय राजमार्ग संभाग जगदलपुर के कार्यपालन अभियंता आरके गुरू ने बताया कि दिल्ली के इंजीनियरों टीम की जांच एवं रिपोर्ट के बाद तय होगा पुराने पुल शुरू होगा या बंद किया जाएगा।

आवश्यक सूचना
हरिभूमि
पाठकों के लिए
पाठक पुरस्कार योजना-2023
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अवगत कराया जाता है कि पाठक पुरस्कार योजना का कूपन फार्मेट का प्रकाशन 5 जनवरी को किया जायेगा।

## खबर संक्षेप



### प्राथमिक शाला डोगरी गुडा संकुल महात्मा गांधी में मनाया गया सावित्रीबाई फुले का जयंती

**कोण्डागांव।** प्राथमिक शाला डोगरी गुडा में सावित्रीबाई फुले का जयंती मनाई गई। इसमें सभी शिक्षक एवं बच्चे उपस्थित थे, जहां पर बच्चों को संबोधित करते हुए दीपिका मसराम प्रधान अध्यापक के द्वारा बच्चों को सावित्रीबाई फुले का संक्षिप्त रूप से जीवन परिचय से अवगत कराया।

### सबसे बड़े चुनाव के लिये तैयारियां हुयी शुरू



**कोण्डागांव।** लोकसभा निर्वाचन 2024 की तैयारियों के लिए वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से चर्चा की गई। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहब कंगाले की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में 6 जनवरी से प्रारंभ हो रहे मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम के साथ ही सेक्टर अधिकारियों की नियुक्ति, ईवीएम जांच आदि के संबंध में चर्चा की गई। जिला कार्यालय कोण्डागांव स्थित एनआईसी के वीडियो कांफ्रेंसिंग कक्ष से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी सहित उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अनुविभागीय दण्डाधिकारी, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार उपस्थित रहे।

### पेंशनर एसोसिएशन की मासिक बैठक 6 को

**धमतरी।** पेंशनर एसोसिएशन शाखा धमतरी की मासिक बैठक 6 जनवरी शनिवार को दोपहर 1 बजे पेंशनर एसोसिएशन भवन में आयोजित की गई है। बैठक में पेंशनरों एवं पारिवारिक पेंशनर को जीवित प्रमाण पत्र बैंक में जमा करने की जानकारी दी जाएगी। अध्यक्ष वीरेन्द्र नाग एवं सचिव मोतीलाल हिरवानी ने सदस्यों से उपस्थिति की अपील की है।

### बी प्रमाण-पत्र के लिए परीक्षा 5 जनवरी को

**कुरूद।** संत गुरु घासीदास शासकीय स्नाकोत्तर महाविद्यालय कुरुद की रासेयो इकाई 1 एवं 2 के स्वयंसेवकों के बी प्रमाण-पत्र की परीक्षा 5 जनवरी शुक्रवार को दोपहर 12 से 1 बजे तक कक्ष क्रमांक 13 विज्ञान भवन 03 में रखी गई है। ऐसे स्वयंसेवक जो बी प्रमाण-पत्र हेतु निर्धारित अवधि 240 घंटे पूरा कर चुके हैं, वे परीक्षा के लिए पात्र होंगे। साथ ही ऐसे स्वयंसेवक जो स्नातक के प्रथम वर्ष में है, जिनके पास ए प्रमाण-पत्र है तथा महाविद्यालय स्तर पर रासेयो में 120 घंटे की गतिविधि का अनुभव रखते हैं, वे भी परीक्षा हेतु पात्र होंगे। परीक्षा के लिए पात्र स्वयंसेवक अपना पंजीयन कार्यक्रम अधिकारी के पास 5 जनवरी शुक्रवार को परीक्षा पूर्व प्रातः 11 बजे उपस्थित होकर अनिवार्य रूप से करावें। पंजीयन हेतु रासेयो डायरी, शिविर अनुभव प्रमाण-पत्र, ए प्रमाण-पत्र की छायाप्रति साथ लाना होगा।

### दुर्घटना मानवीय चूक इसे गंभीर अपराध कहना नाइंसाफी

**धमतरी।** केंद्र सरकार द्वारा दुर्घटना को संज्ञेय अपराध की श्रेणी में मानते हुए अजमानतीय किया जाना तथा 10 वर्ष की सजा एवं 500000 रूपए के अर्थदंड को असंगत बताते हुए कांग्रेस के पार्षदों ने उसे वापस लेने की मांग की है। पार्षद दल के प्रवक्ता सोमेश मेश्राम ने कहा है कि दुर्घटना महज एक मानवीय भूल है। किसी प्रकार का कोई इरादतन अपराध नहीं है। इसके लिए भारी भरकम दंड तथा मोटी राशि का प्रावधान किया जाना उचित नहीं है। पार्षद दीपक सोनकर ने कहा कि हिट एवं रन के माध्यम से भारतीय दंड संहिता की धारा 304 बी का दुरुपयोग बढ़ जाएगा। निर्दोष वाहन चालक परेशान होंगे। लंबी दूरी की ट्रांसपोर्ट व्यवस्था देश में प्रभावित होगी। पार्षद संजय डागौर ने कहा कि भारतीय दंड संहिता में अलग-अलग धाराओं में अलग-अलग प्रावधान दिए जा चुके हैं।

---

**अभियान : प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना से महिलाएं हुई खुशहाल**

# विकसित भारत संकल्प यात्रा से 25 परिवार हुए धुएं के अभिशाप से मुक्त

विकसित भारत संकल्प यात्रा के साथ खुशहाली भी चलकर गांव गांव तक पहुंच रही है। जहां लोगों को विभिन्न योजनाओं का लाभ अपने ही गांव में प्राप्त हो रहा है। वहीं लोगों को अपनी समस्याओं का निदान भी गांव में आये अधिकारियों द्वारा प्राप्त हो रहा है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जब विकसित भारत संकल्प यात्र उमरगांव 'ब' पहुंची तब यहां के 25 परिवारों द्वारा पारम्परिक ईंधन जैसे लकड़ी, कोयले आदि से भोजन बनाने के संबंध में अधिकारियों को बताया। जिस पर अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना अंतर्गत बीपीएल परिवारों को निःशुल्क रसोई गैस कनेक्शन देने के संबंध जानकारी देते हुए सभी आवेदन करने कहा। विकसित भारत संकल्प यात्र के शिविर में सभी 25 हितग्राहियों को पीएम उज्वला योजना अंतर्गत निःशुल्क गैस कनेक्शन प्रदान किया गया। जिससे परिवारों की खुशी का ठीकाना न था। उन्हें कनेक्शन के साथ गैस चुल्हा, भरी हुई गैस टंकी, रेगुलेटर एवं पाईप निःशुल्क प्राप्त हुए।



### जसमती अब समय पर बना सकेंगी भोजन

इस संबंध में ग्राम निवासी जसमती बताती है कि पूर्व में उन्हें लकड़ी मिलना बहुत मुश्किल होता था। लकड़ी होने पर भी सुबह से खाना बनाना प्रारंभ करने पर भी समय पर खाना नहीं बन पाता था।

### घर में धुंए से किसन बाई को मिली राहत

पूरा घर खाना बनाते हुए धुंए से भर जाता था। पूरे घर को बार बार साफ करने के साथ दीवारों के काला होने के कारण पोताई भी करनी पड़ती थी। बर्तनों की काले हो जाने पर साफ करने में बहुत दिक्कत होती थी। गैस मिल जाने से अब लकड़ी और धुंए से मुक्ति मिलने के साथ बार बार सफाई के झंझट से भी मुक्ति मिल गयी है।

## बड़ेडोंगर और छिंदली में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

विकासखण्ड के ग्राम पंचायत बड़ेडोंगर और ग्राम छिंदली में 03 जनवरी को विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन किया गया। इस आयोजन में सबसे पहले ग्राम बड़ेडोंगर और ग्राम छिंदली में विकसित भारत संकल्प यात्रा में माध्यम से सभी विभाग के अधिकारी और कर्मचारीयो द्वारा स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को सरकार को योजनाओं के बारे में बताया गया। साथ ही पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ दिलाया गया।

■ ग्रामीणों सरकार की योजनाओं के बताकर दिलाया गया लाभ

इस दौरान जनपद सीईओ जी एल चुरेंद्र, नोडल अधिकारी वीरेंद्र साहू, चेतन चौहान, बड़ेडोंगर सरपँच विधा सागर , सरपँच उपसरपंच राधे श्याम श्रीवास , जनपद सदस्य दुलम सिंह नाग, कंवल सिंह शोरी, परमेश्वर सेठिया, हेमचन्द देवांगन, ग्राम छिंदली सरपंच अनिता मरकाम, सहित सभी विभाग के अधिकारी कर्मचारी और ग्रामीणजन उपस्तिथ रहे।

## उलेरा के नववर्ष मिलन समारोह में विधायक लता उसेंडी का ग्रामीणों ने किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

विधानसभा क्षेत्र कोण्डागांव के विकासखंड माकडी अंतर्गत ग्राम पंचायत उलेरा में नव वर्ष मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कोण्डागांव विधायक व भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लता उसेंडी शामिल हुई। नव वर्ष मिलन समारोह उलेरा पहुंची विधायक लता उसेंडी का ग्रामीणों ने पुष्प कुछ देकर आत्मीय स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान मंच पसर उलेरा पंचायत सरपंच सोनादाई मरकाम, सरादू नेताम, भारतीय जनता पार्टी से बाल कुंवर प्रधान, चंदन साहू व अन्य मौजूद रहे।

## चरकई की सोनीबाई के घर बनाने का सपना हुआ साकार, उज्ज्वला योजना का भी मिला लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण कई लोगों के जीवन में परिवर्तन लेकर आयी और कई लोगों के लिए उम्मीद का दूसरा नाम बनकर आयी ऐसी ही एक कहानी है, सोनीबाई कोर्राम की। जनपद पंचायत फरसगांव के ग्राम पंचायत चरकई निवासी सोनीबाई कोर्राम ने हमेशा से खुद के लिए एक पक्के मकान का सपना देखा था। जिसमें वह सूकुन से अपने परिवार के साथ गुजर बसर कर सके परंतु गरीबी और आमदनी का कोई स्त्रोत न होने के कारण उसे यह सपना असंभव सा लगता था। 20 वर्ष पूर्व पति के देहांत के साथ दो बेटों और दो बेटियों की जिम्मेदारी सोनीबाई के कंधों पर थी। जिससे जीवन यापन के लिए मेहनत मजदूरी कर अपने बच्चों का पेट भरने के ईलावा कुछ और सोच पाना भी मुश्किल था। उनका आधे से ज्यादा



जीवन कच्चे मकान के एक कमरे में ही गुजर गया। स्वयं की भूमि होने के बावजूद भी सोनीबाई आर्थिक तंगी के कारण अपना पक्का मकान नहीं बनवा पा रही थी और बरसात के दिनों में घर के चारों तरफ पानी भर जाता था और छत से पानी भी टपकता था और बरसात में एक बार पूरी तरह गिर भी चुका था। ऐसे में उस घर में रहना दुभर लगता था।

इसके अतिरिक्त मनरेगा के माध्यम से मजदूरी राशि भी समय से पहुंचने लगी। जिससे मुझे आवास बनाने हेतु समय पर आवश्यक सामाग्री लेने में कोई परेशानी नहीं होती थी। मैनें अपना आवास निर्माण कार्य पूर्ण किया। इसके साथ ही मुझे उज्वला योजना द्वारा गैस कनेक्शन, सहज बिजली हर–घर योजना द्वारा एकल बत्ती का बिजली कनेक्शन और स्वच्छ भारत योजना अंतर्गत शौचालय भी मिला अब मैं चिंता मुक्त होकर खुशी से परिवार के साथ पक्के आवास में खुशहाल जीवन यापन कर रही हूं। आज पक्का आवास बन जाने से मेरा परिवार बेहद खुश है।

## कलेक्टर ने दण्डाधिकारियों को दिए निर्देश, कानून व्यवस्था को लेकर रहें चौकस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर दीपक सोनी ने कानून व्यवस्था को लेकर सभी दण्डाधिकारियों को चौकस रहने के निर्देश दिए। बुधवार को जिला कार्यालय के एनआईसी के वीडियो कांफ्रेंसिंग कक्ष में आयोजित संक्षिप्त बैठक में कलेक्टर ने सभी अनुविभागीय दण्डाधिकारी, तहसीलदार और नायब तहसीलदारों से कहा कि क्षेत्र में शांति बनाए रखने के लिए कानून व्यवस्था को लेकर पूरी तरह चौकस रहें और कानून भंग करने वाले लोगों के विरुद्ध तत्काल कानूनी कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने इसके साथ ही अत्यावश्यक वस्तुओं की उपलब्धता बनाए रखने के लिए भी निर्देशित किया।

## महाविद्यालय में गणितज्ञ रामानुजन को किया याद

भाषण में डिम्पल, रंगोली में निकिता रही अव्वल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी के गणित विभाग द्वारा महान गणितज्ञ प्रो. रामानुजन की याद में गणित दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. अनीता राजपुरिया प्रभारी प्राचार्य तथा विशिष्ट अतिथि डॉ. प्रभा वेरुलकर एवं डॉ. मनदीप खालसा थी। मंच का संचालन गणित के विभागाध्यक्ष डॉ. विनोद पाठक तथा अंकिता पटेल अतिथि व्याख्याता ने किया। कार्यक्रम में बीएससी गणित के छात्रों के लिए भाषण प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता तथा पोस्टर प्रतियोगिता रखी गई थी, जो गणित पर आधारित थी।

भाषण प्रतियोगिता में प्रथम डिम्पल सोनकर बीएससी (आईटी) द्वितीय वर्ष, द्वितीय स्थान रिद्धि त्रिवेदी बीएससी(गणित) प्रथम वर्ष, तृतीय स्थान हेमलता देवांगन बीएससी (गणित) प्रथम वर्ष ने प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान निकिता बीएससी तृतीय वर्ष, द्वितीय स्थान हर्षिता बीएससी प्रथम वर्ष तथा तृतीय स्थान पर नताशा कृदत्त बीएससी तृतीय वर्ष रही। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में निकिता बीएससी (गणित) तृतीय वर्ष, द्वितीय स्थान संदीप बीएससी (गणित) प्रथम वर्ष तथा तृतीय स्थान पर विद्या साहू, बीएससी (गणित) तृतीय वर्ष रही।

डॉ. एके सिंह, प्रो. पीसी चौधरी, डॉ. खेदूराम सत्यार्थी ने छात्रों को संबोधित किया। डॉ. विनोद पाठक ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अंकिता पटेल, भूमिका त्रिवेदी, डॉ. सीमा साहू तथा नरोत्तम अतिथि व्याख्याता की भूमिका रही।

## जिले में पिछड़ी जनजातियों के आधार पंजीयन पर जोर



### रिजनल डायरेक्टर भारत सरकार ने जिले में पीएम जनमन योजना की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

रिजनल डायरेक्टर भारत सरकार आदिवासी कल्याण विभाग मंत्रालय संदीप शर्मा ने कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में पीएम जनमन योजना के तहत जिले में किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने कहा कि पीएम जनमन योजना का मूल उद्देश्य विशेष पिछड़ी जनजातीय समूहों (पीवीटीजी), परिवारों और बस्तियों तक बुनियादी सुविधाओं और सेवाओं को पहुंचाकर उनकी सामाजिक, आर्थिक स्थितियों में सुधार करना है। पीएम जनमन योजना अंतर्गत कमजोर जनजाति समूहों की बसाहटों में विभिन्न विभागों के समन्वय से पेयजल, आवास, सड़क, आंगनबाड़ी के माध्यम से पोषण, आजीविका संवर्धन हेतु कौशल विकास जैसे महत्वपूर्ण गतिविधियों का क्रियान्वयन किया जाएगा।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती रोक्तिमा यादव, अपर कलेक्टर जीआर मरकाम, एसडीएम धमतरी डॉ विभोर अग्रवाल, एसडीएम सिहावा श्रीमती गीता रायस्त, सीएमएचओ डॉ मंडल, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास श्रीमती रेशमा तिवारी, उपसंचालक कृषि मोनेश साहू, डीपीएम सुश्री प्रिया कंवर के अलावा विभिन्न विभागों के विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में श्री शर्मा ने कहा कि जिले के अधिकतम क्षेत्रों में अच्छा कार्य किया जा रहा है, जो सराहनीय है। शासन की इन योजनाओं से विशेष पिछड़ी जनजाति के लोगों को लाभान्वित करने के लिए सबसे जरूरी है, इनका आधार पंजीयन होना। संबंधित अधिकारी आधार पंजीयन के लिए इन क्षेत्रों में विशेष शिविर आयोजित करें। आधार पंजीयन का किसी भी प्रकार का शुल्क न लेवें।

#### नये स्कूलों के लिए प्रस्ताव भेजें

बैठक में रिजनल डायरेक्टर श्री शर्मा ने शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग वाले ऐसे क्षेत्र जहां स्कूलों की दूरी अधिक है, उन क्षेत्रों का सर्वे करायें, आवश्यकतानुसार नये स्कूलों के लिए प्रस्ताव भेजें। इसके साथ ही 18 वर्ष से कम उम्र के ऐसे लोग जिन्होंने किन्ही कारणों से पढ़ाई छोड़ दी है, उसकी भी जानकारी देवें।

#### समय पर मिले खाद्यान्न

श्री शर्मा ने खाद्य विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि इन वर्ग के लोगों को समय पर पूरा



खाद्यान्न मिले इस बात का ध्यान रखें। उज्जवला योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को शत-प्रतिशत लाभान्वित करें। इस दौरान अगर कोई दिक्कत आती है तो उसका निराकरण करें।

#### जीरो बैलेंस में खोलें खाता

श्री शर्मा ने आगे कहा कि शासन की योजनाओं से लाभान्वित करने में बैंकिग क्षेत्र का विशेष महत्व है, क्योंकि इसी के माध्यम से हितग्राही को सब्सिडी दी जाती है। विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग के हितग्राहियों का खाता खोलते समय बैंकिंग क्षेत्र के अधिकारी इस बात का ध्यान रखें कि इनका खाता जीरो बैलेंस में खुले और इनसे किसी भी प्रकार की राशि की मांग न की जाये।

**सहकारी शिक्षण एवं प्रशिक्षण का पुनरूद्धार पर संगोष्ठी**

# सहकारिता आज के युग का धर्म : डॉ. दीक्षित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

सहकारिता आज के युग का धर्म है, यह केवल एक व्यावसायिक इकाई मात्र नहीं है वरन यह एक सतत शिक्षण, प्रशिक्षण एवं समग्र विकास का मंच है। सहकारिता के सिद्धांतों, उद्देश्यों, प्रणाली, व्यावसायिक ज्ञान, समिति संचालन के नियम व उपनियम का सभी सदस्यों एवं अधिकारियों को ज्ञान देना ही सहकारी शिक्षण है। यह बातें पीजी कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ अनंत दीक्षित ने कही। 70 वां अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह का समापन प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित अछोटा के कार्यालय परिसर में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अरुण देवांगन सरपंच ग्राम पंचायत अछोटा थे। अध्यक्षता धनुष साहू पूर्व संचालक पैक्स अछोटा



ने किया। विशिष्ट अतिथि हेमंत साहू कृषक ग्राम जवरगांव तथा विषय विशेषज्ञ डॉक्टर अनंत दीक्षित पूर्व प्राचार्य शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी थे। समापन दिवस के विषय सहकारी शिक्षण एवं प्रशिक्षण का पुनरोद्धार पर प्रकाश डालते हुए डॉ दीक्षित ने कहा कि संस्था के अधिकारियों, कर्मचारियों को कार्य योजना बनाने, लेखा संधारण करने, प्रशासकीय कार्य निष्पादन तथा आवश्यक कंप्यूटर सॉफ्टवेयर के उपयोग की व्यवहारिक जानकारी देना और उसका अभ्यास कराना ही सहकारी प्रशिक्षण है। सहकारिता के शिक्षण द्वारा अधिकाधिक लोगों को सहकारिता के विचार को समझाया व सहकारिता की ओर आकर्षित किया जा सकता है, जिससे व्यावसायिक कौशल का विकास, भ्रष्टाचार पर नियंत्रण और प्रबंध के कुशल स्तर को प्राप्त किया जा सकता है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री देवांगन ने अपने उद्बोधन में कहा कि सहकारी सप्ताह के आयोजन के पीछे निहित उद्देश्य यही है कि सहकारी संस्था अपने स्तर पर अपने कार्यों, योजनाओं एवं उपलब्धियों की समीक्षा कर संस्था के सदस्यों की अपेक्षाओं और आशाओं के अनुरूप कार्य योजना तैयार कर अपेक्षित सुधार कर सके। अध्यक्षता कर रहे धनुष साहू ने कहा कि सहकारी सप्ताह के आयोजन से ग्रामीण क्षेत्रों में सहकारिता के विस्तार हेतु अच्छा वातावरण तैयार होता है।

## पेज 9 के शेष

### 3.3 करोड़ की ....

409, 420, 34 के तहत मामला दर्ज किया गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी जितेन्द्र सिंह मीणा, एएसपी महेश्वर नाग के मार्गदर्शन व सीएसपी विकास कुमार के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी कोतवाली लीलाधर राठौर के नेतृत्व में टीम गठित कर आरोपियों का पता तलाश किया गया। पूछताछ में उन्होंने बताया कि वर्ष 2021 में सभी लोगों से स्वयं को अभिकर्ता बताकर डेली, मासिक कलेक्शन कर वार्षिक भुगतान में रकम दोगुना कर वापस देने की बता बोलकर राशि 3 करोड़ 3 लाख 12,808 रुपए को लेकर वापस नहीं कर पाना स्वीकार किया है। पुलिस के मुताबिक मामले में एक फरार आरोपी उतम यादव की गिरफ्तारी की जानी है। रिपोर्ट दर्ज होते ही त्वरित कार्रवाईकर आरोपियों की गिरफ्तारी करने में निरीक्षक के अलावा एसआई लोकेश्वर नाग, प्रधान आरक्षक अनिल कन्नौजे, आरक्षक युवराज सिंह ठाकुर, रवि सरदार, भीगु कश्यप व रीना अनंत की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### दिल्ली के इंजीनियरों ....

जाने वाले लोग पुराने पुल का उपयोग करेंगे, जबकि उधर से आने वालों को नए पुल से होकर गुजरना पड़ेगा। इन सभी कारणों से राष्ट्रीय राजमार्ग द्वारा 100 मीटर लंबे पुल का निर्माण किया गया।

# हिट एंड रन एक्ट के खिलाफ ड्राइवरों ने किया प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बकावंड

हिट एंड रन एक्ट के खिलाफ बकावंड तहसील के वाहन चालकों ने भी ड्राइवर यूनियन के बैनर तले बकावंड तहसील मुख्यालय के मुख्य मार्ग पर आज विरोध प्रदर्शन किया।

नए मोटर यान अधिनियम के विरोध में बकावंड तहसील ड्राइवर यूनियन ने विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया था। इसके तहत तहसील के सभी वाहन चालकों ने यहां जमा होकर आंदोलन किया। ड्राइवर यूनियन के सदस्यों ने हिट एंड रन कानून का विरोध करते हुए बकावंड तहसील के मुख्य मार्ग के चौक पर बैठकर करीब दो घंटे तक प्रदर्शन किया। वाहन चालकों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। ड्राइवर यूनियन के सदस्यों ने कहा कि इस कानून के लागू हो जाने से हमें बड़ा नुकसान होगा। यह कानून पूरी तरह गलत है। पुलिस अधिकारियों की समझाईश के बाद विरोध प्रदर्शन समाप्त हुआ।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में हुई साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक

# पीएम आवास योजना का लाभ दिलाने मिशनमोड में करें कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

कलेक्टर राजेन्द्र कुमार कटारा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक आयोजित

- विभागीय अधिकारियों को कार्यों में प्रगति लाने कलेक्टर ने दिए निर्देश



हुई। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना, विकसित भारत संकल्प यात्रा, नल-जल आपूर्ति एवं अन्य विकास कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन में प्रगति लाने और नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रवि कुमार साहू, एसडीएम बीजापुर पवन कुमार प्रेमी, सभी एसडीएम एवं सभी जनपद सीईओ सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत पंजीयन के पूर्ण दस्तावेज जमा करने में प्रगति लाने की बात कही। इसके लिए जिले के पहुंच विहीन ग्रामों में आधार कार्ड, बैंक पासबुक बनाने के लिए शिविर लगाने के निर्देश दिए। जिससे पात्र हितग्राही योजनाओं के लाभ से वंचित न हो। आकांक्षी ब्लाक उसूर में स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा, कृषि, जल संसाधन, वित्तीय समावेशन एवं कौशल विकास के कार्यों में तेजी लाकर विकास काम किये जा रहे हैं। जिसके तहत स्वास्थ्य अधिकारी की मांग पर उसूर ब्लाक के ग्राम मुरदण्डा, लिंगागिरी, तर्रेम एवं एंगपल्ली के अस्पताल में बॉउंड्रीवाल या तार फेंसिग के लिए कलेक्टर ने जनपद सीईओ को निर्देशित किया।

कलेक्टर ने जिला अस्पताल के सुचारू रूप से संचालन के लिए अधिकारियों को निर्देशित करते कहा कि अस्पताल का नियमित निरीक्षण कर व्यवस्था की जांच करें। जिले के शासकीय संस्थाएं जैसे स्कूल, आश्रम, छात्रावास, पंचायत, हॉस्पिटल एवं आंगनबाड़ी में नल-जल की पूर्ति निरंतर करने की बात कही। साथ ही कोरोना वायरस के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए जिला चिकित्सालय बीजापुर एवं ब्लाक के अस्पतालों में आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने सहित विभागीय अधिकारियों को कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने जिले में गणतंत्र दिवस समारोह में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि समारोह में परेड, पीटी, सांस्कृतिक कार्यक्रम, झांकी प्रदर्शनी जैसे अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने समारोह के सफल आयोजन के लिए आवश्यक व्यवस्था, साज-सज्जा, पेयजल, पुरस्कार, निमंत्रण पत्र, प्रशस्ति पत्र जैसे विभिन्न कार्यों का समय पूर्व सभी तैयारियां पूर्ण करने के लिए कहा।

# मनरेगा में मजदूरी भुगतान अब आधार आधारित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

मिनिस्ट्री आफ रूरल डेवलपमेंट भारत सरकार ने 1 जनवरी से महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत श्रमिकों के मजदूरी भुगतान आधार

- शंकाओं के समाधान के लिए जन मनरेगा एप बनेगी मददगार

बेस्ड पेमेंट सिस्टम के आधार पर करना अनिवार्य कर दिया है। यह सिस्टम आधार कार्ड से बैंक का खाता लिंक के आधार पर कार्य करेगा। श्रमिकों को जिस बैंक में मनरेगा मजदूरी का भुगतान चाहिए होगा, उस बैंक में जाकर आधार नंबर को लिंक कराना होगा। उक्त जानकारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रवि कुमार साहू ने दी है।

मनरेगा अंतर्गत जिले में वर्तमान में 50 हजार से अधिक मजदूरों के खाते आधार लिंक है, जो कि आधार भुगतान हेतु सक्षम है। जिले में वर्तमान में तकरीबन 7 हजार मजदूर प्रतिदिवस मनरेगा अंतर्गत मजदूरी कर रहे हैं। जिनका भुगतान आधार इनिबेल्ड पेमेंट सिस्टम के आधार पर किया जा रहा है। जिला पंचायत सीईओ रवि साहू ने मनरेगा के जिला अधिकारियों की बैठक लेकर अधिक से अधिक मनरेगा मजदूरों के बैंक खाते से आधार लिंक कराने के निर्देश दिए। यह सिस्टम कैसे काम करता है, इसकी जानकारी मनरेगा जाबकार्डधारी परिवारों को देने जागरूक और आवश्यक सहयोग करने को कहा।

सहायक परियोजना अधिकारी मनीष सोनवानी ने बताया कि जन मनरेगा एक एप्लीकेशन है, जिसे मोबाइल में इंस्टाल किया जा सकता है। प्रायः फील्ड स्तर पर श्रमिकों को मजदूरी भुगतान की शिकायतें रहती थी। अब उन शिकायतों और शंकाओं का निराकरण इस एप्लीकेशन के माध्यम से उनके समक्ष तत्काल किया जा सकता है।

# सेवानिवृत्त होने वालों को उनके सभी स्वत्वों का समय पर हो भुगतान : कलेक्टर




हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कलेक्टर विजय दयाराम के. ने कहा कि शासकीय सेवक के रूप में लम्बी अवधि तक सेवा देने के उपरांत सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को उनके सभी स्वत्वों का शासकीय नियमों के अनुसार उनका हक एवं पात्रता का समय पर प्रदाय करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने सेवानिवृत्त हो रहे शासकीय सेवकों की स्वस्थ और खुशहाल जीवन की कामना की।

कलेक्टर ने मंगलवार की शाम जिला कार्यालय के आस्था सभाकक्ष में आयोजित सेवानिवृत्त हो रहे 26 शासकीय सेवकों को पेंशन प्राधिकार पत्र वितरण कार्यक्रम में सेवानिवृत्त व्यक्तियों को पुष्पमाला, शॉल-श्रीफल और पीपीओ पत्र देकर सम्मानित किए। इस अवसर पर वरिष्ठ कोषालय अधिकारी संजय सोनवानी ने बताया कि इस माह सेवानिवृत्त हो रहे 26 शासकीय सेवकों को पेंशन प्राधिकार पत्र जारी की गई है। इस अवसर पर कार्यालय संयुक्त संचालक कोष, लेखा एवं पेंशन से संयुक्त संचालक कमलेश रायस्त सहित जिला कोषालय के अन्य अधिकारी-कर्मचारी और सेवानिवृत्त हो रहे विशिष्टगण उपस्थित थे।

# पेंशनर्स महासंघ का प्रतिनिधि मंडल ने की विधायक व प्रदेश अध्यक्ष से भेंट

हरिभूमि न्यूज : जगदलपुर

भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ बस्तर संभाग का एक प्रतिनिधि मंडल बुधवार को स्थानीय विधायक एवं नवनियुक्त भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव से सौजन्य भेंट की। प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर संगठन की ओर से बधाई प्रेषित किया गया।

इस अवसर पर विधायक एवं प्रदेश अध्यक्ष को मध्य प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम की धारा 49 (6) किस तरह पेंशनरों को महंगाई राहत दिए जाने के मार्ग में बाधक है। इस ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए पेंशनरों के हित में इसे तत्काल विलोपित करने की मांग संभागीय अध्यक्ष आरएन ताटी के द्वारा किया गया और संगठन की ओर से ज्ञापन सौंपा गया।

इस अवसर पर लंबित 4 प्रतिशत महंगाई राहत भी जुलाई 2023 की स्थिति में स्वीकृत करते हुए बकाया एरियर राशि शीघ्र



दिलाने की मांग की गई। प्रतिनिधि मंडल के रूप में मिलने वालों में आरएन ताटी, रमापति दुबे, अब्दुल सत्तार, किशोर जाधव, एलएस नाग, हेमंत सिंह ठाकुर, राजेंद्र पाण्डे एवं एम प्रसाद राव आदि शामिल थे।

# संकल्प शिविर में शामिल हुए विधायक किरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

विकसित भारत संकल्प यात्रा में बुधवार को जगदलपुर विकासखंड के कुम्हरावंड में आयोजित शिविर में स्थानीय विधायक किरण देव भी शामिल हुए। उन्होंने विकसित

- शासकीय योजनाओं का प्रचार वाहन पहुंचा दस ग्राम पंचायतों में

भारत संकल्प यात्रा के दौरान विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभ लेने हेतु ग्रामीणों को प्रेरित किए।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शासकीय योजनाओं का प्रचार वाहन शनिवार को जिले के दस ग्राम पंचायतों में बस्तर विकासखंड के टीकनपाल, बालेंगा और उसरी, जगदलपुर विकासखंड के कुम्हरावंड, विकासखंड लोहंडीगुड़ा के मांदर, एरमुर, विकासखंड दरभा के दरभा, ककालगुर और विकासखंड



बकावंड के चापापदर, बोरीगांव में पहुंचकर शासकीय योजनाओं की जानकारी देने हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सभी कार्यक्रम स्थल पर ग्रामीणों की उपस्थिति में राजस्व विभाग, खाद्य विभाग, कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पशुधन विकास विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा स्टॉल लगाकर पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिया गया। संकल्प यात्रा स्थल में स्कूली बच्चों के द्वारा शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम की भी प्रस्तुति दी गई।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के मांदर में आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ प्रकाश सर्वे ने उपस्थित ग्रामीणों को विकसित भारत संकल्प की शपथ दिलवाई और विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को कार्ड वितरण किया। संकल्प यात्रा शिविर में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने ग्रामों को ओडीएफ और स्वच्छता के लिए प्रमाण पत्र भी दिए। साथ ही पंचायत को शत-प्रतिशत डिजिटल भू-अभिलेखीकरण का प्रमाण पत्र और पात्र हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों ने अपनी कहानी को आम ग्रामीणों के साथ साझा किया।

# बस्तर के हॉकी खिलाड़ियों का राष्ट्रीय स्तर पर हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

बस्तर के हॉकी खिलाड़ियों का राष्ट्रीय स्तर पर चयन हुआ है। पंजाब के जालंधर में 6 से 11 जनवरी तक 67वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें हॉकी बालक-बालिका 19 वर्ष में गौरी पटेल एवं मोहन कश्यप शासकीय हाई स्कूल कुड़कानार दोनों निवासी कुड़कानार विखं बस्तर भाग ले रहे हैं। दोनों ही खिलाड़ियों को हॉकी कोच एवं शिक्षक नीरज कुंजाम ने प्रशिक्षित किया है। खिलाड़ियों के चयन पर खण्ड शिक्षा अधिकारी अरुण देवांगन, एबीईओ सुशील तिवारी, बीआरसी



राजेंद्र ठाकुर, मध्यान भोजन नोडल अधिकारी शैलेंद्र तिवारी, सीएसी अजम्बर कोर्राम, प्रभारी प्राचार्या सईदा खान, धीरेंद्र यादव, आशीष पांडेय, सदन राम कश्यप, जीआर.कुर्रे, दयाराम बघेल, भुनेश्वर ठाकुर, अनिल ठाकुर, किरण सेन एवं हाई स्कूल कुड़कानार के समस्त स्टाफ ने खिलाड़ियों की उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## निधन

### संदीप विवेकार



**जगदलपुर।** नगर निगम जगदलपुर के स्वच्छता उप निरीक्षक संदीप विवेकार (36) का मंगलवार को असामयिक निधन हो गया। वे कुछ दिनों से बीमार थे। वे अपने पीछे पत्नी छोटी सी बच्ची तथा माता-पिता को छोड़ गए। भिलाई रिसाली निवासी स्व. विवेकार का शव भिलाई से पहुंचे परिजन बुधवार को लेकर रवाना हुए। उनके निधन से निगम कार्यालय में शोक का वातावरण रहा।

# आपकी मांग को हम सरकार तक पहुंचायेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार बनने एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त होने के बाद प्रथम दंतेवाड़ा प्रवास पर आए जगदलपुर विधायक एवं प्रदेशाध्यक्ष भाजपा किरण देव के

- सर्व विभागीय संविदा कर्मचारी महासंघ ने किया भाजपा प्रदेशाध्यक्ष का स्वागत



स्वागत के लिए सर्व विभागीय संविदा कर्मचारी महासंघ जिला इकाई के पदाधिकारियों ने न्यू सर्किट हाउस में किरण देव के प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त होने पर उन्हें बधाई दी। इस मौके पर संघ के प्रांतीय प्रवक्ता एवं मीडिया सलाहकार सूरज सिंह ठाकुर एवं जिला संयोजक सूरज सिंह ने संघ की ओर से संविदाकर्मियों के नियमितीकरण की बात रखी। जिस पर किरण देव के द्वारा संघ को आश्वस्त किया कि आपकी मांग को हम सरकार तक पहुंचायेंगे और यथाशीघ्र आपकी मांगों को पूरा करवाएंगे। किरण देव ने आगे कहा कि आप लोगों का संघर्ष हमने देखा है, पिछली सरकार को उखाड़ फेंकने में कर्मचारियों का बड़ा हाथ है। अब समय है कि जब हम सरकार में आये है तो कर्मचारियों का साथ दे और उनकी जायज मांगों को पूरा करवाये। प्रदेश अध्यक्ष भाजपा एवं विधायक जगदलपुर के स्वागत अभिनंदन कार्यक्रम में सर्व विभागीय संविदा कर्मचारी महासंघ के प्रदेश प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी सूरज सिंह ठाकुर, जिला संयोजक सूरज सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष भूपेंद्र साहू, महासचिव मनीष साहू, कोषाध्यक्ष दिनेश कराटिया, संगठन सचिव राकेश साहू, बलदेव सकनी, हेम प्रकाश, संजय मरावी उपस्थित रहे।

# नव नियुक्त शिक्षकों को तीन माह से वेतन नही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों द्वारा जिला कोषालय अधिकारी व खंड शिक्षा अधिकारी से भेंट कर नव नियुक्त शिक्षकों के वेतन भुगतान के सम्बंध में ज्ञापन सौंपा गया। जिला अध्यक्ष

- जिला कोषालय अधिकारी व बीईओ को एसोसिएशन ने सौंपा ज्ञापन



उदयप्रकाश शुक्ला ने बताया कि दंतेवाड़ा विकासखंड अंतर्गत प्राथमिक, माध्यमिक व हाई स्कूलों में कुल 56 शिक्षकों की पदस्थापना माह सितंबर में की गई थी। उक्त शिक्षकों को तीन माह बीत जाने के बाद भी वेतन अप्राप्त है। इस सम्बंध में खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय से चर्चा करने पर सीजीपीएफ नम्बर के अभाव में वेतन का भुगतान न होना बताया गया। इसके बाद संगठन द्वारा इस विषय को लेकर जिला कोषालय कार्यालय में ज्ञापन सौंपा व इस विषय पर चर्चा किया गया। सम्बंधित कार्यालय ने बताया कि सीजीपीएफ नम्बर 2 शिक्षकों का छोड़कर शेष का जनरेट किया जा रहा है। कुछ तकनीकी दिक्कतों के कारण लेट होना बताया गया, जिसे जल्द सुधार कर वेतन भुगतान की बात कही। ब्लॉक अध्यक्ष खोमेंद्र देवांगन की अगुवाई में इस विषय पर खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय से भी चर्चा की गई। वर्तमान में रनिंग माह दिसम्बर का वेतन भुगतान किया जाएगा, उसके पश्चात माह अक्टूबर व नवम्बर का वेतन सप्लीमेंट्री बिल में भेजा जाएगा। अन्य ब्लॉकों में आ रही समस्याओं पर भी संगठन जल्द अधिकारियों से चर्चा कर उन समस्याओं के समाधान के लिए प्रयास करेगा। इस अवसर पर जीआर नाग, पोरस बिंझेकर, राजेन्द्र यादव, अजय सिदार व अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# बच्चों के साथ पालकों ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग के सफल नेतृत्व में विकासखंड भैरमगढ़, बीजापुर, उसूर, भोपालपटनम में पुनः संचालित शालाओं में पहली बार शीतकालीन समय में प्राथमिक स्तर के बच्चों के साथ 26 से 29 दिसंबर 2023 तक कुल चार दिवसीय शीतकालीन शिविर (इरगुम पंडुम) का आयोजन किया गया। इरगुम पंडुम में बच्चों के साथ पालकों ने भी बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।

इस कैंप का उद्देश्य बच्चों को खेल एवं विभिन्न गतिविधि के माध्यम से बच्चों की उपस्थिति बढ़ाना एवं नियमित रखना था। शाला में बच्चों को ही नही बल्कि समुदाय के लोगों को जैसे शाला प्रबंधन समिति, पालकों को भी



इस कार्यक्रम का हिस्सा बनाया गया। ताकि समुदाय के लोगों का स्कूल के प्रति एक संबंध स्थापित हो। इसी प्रयास में जिला प्रशासन द्वारा पुनः संचालित शालाओं में पालकों एवं समुदाय को सक्रिय करके शाला से जोड़ने के उद्देश्य से विंटर कैंप का आयोजन किया गया।

इस विंटर कैंप में जिले के कुल 51 स्कूलों में इरगुम पंडुम का आयोजन किया गया। विंटर कैंप का आयोजन शिक्षादूत एवं फील्ड कोऑर्डिनेटर, प्रोग्राम लीडर, डिस्ट्रिक्ट लीड के निगरानी में संचालित किया गया। इस अनूठे विंटर कैंप में बच्चों ने मजेदार गतिविधियों का आनंद लिया। कार्यक्रम के पहले दिन में मेंढक दौड़, कुर्सी दौड़, मटका फोड़, रुमाल चोर, नमक चोर, रस्सी खींच एवं दूसरे दिन खो-खो, कबड्डी, मिट्टी के खिलौने, पत्तों से काल्पनिक जानवर, छिंद के पत्तों से गुलदस्ता, तीसरे दिन आरेगेमी आर्ट, सामूहिक चित्रण एवं प्रस्तुतिकरण आदि कराया गया।

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी करपावण्ड जिला बस्तर छ.ग.**

रा.प्र.क्र. 202310152200021

**// उद्घोषणा //**

इस उद्घोषणा के जरिये आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक डमरुधर यादव पिता धीनुराम यादव जाति रावत ग्राम सांवरा तहसील करपावण्ड जिला बस्तर द्वारा आवेदक स्वयं अथवा अपने दादाजी स्व.धीनुराम s/o रतन निवासी ग्राम सांवरा तहसील करपावण्ड जिला बस्तर छ.ग. का मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्ति हेतु आवेदन पेश किया गया है।

अतः आवेदक के दादाजी स्व.धीनुराम ग्राम सांवरा का दिनांक 15/11/2009 को मृत्यु हुई है। आवेदक के दादाजी स्व. धीनु पिता रतन जाति रावत ग्राम सांवरा तहसील करपावण्ड जिला बस्तर आवेदक स्वयं अथवा आवेदक के दादाजी स्व.धीनु मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने पर यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति अथवा दावा पेश करना हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिकृत अधिवक्ता के मार्फत प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 05/01/2024 तक प्रस्तुत कर सकता है। नियत पेशी तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं होगी।

आज दिनांक 22/12/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी करपावण्ड जिला बस्तर

Health Town

यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल

उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक

सुबह 10.30 to 2.30 pm., सायं 7.00 to 8.30 pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड, रायपुर (छ.ग.) फोनः 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरेकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर : ... मो. 9406004581
बिलासपुर : ... मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन

जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### जनदर्शन में सुनी जाएगी आमजनों की समस्याएं

**दंतेवाड़ा।** अनुविभागीय कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार जिले में आमजनों के लिए जनदर्शन का आयोजन प्रत्येक सोमवार को अनुविभागीय कार्यालय दन्तेवाड़ा में एवं प्रत्येक गुरुवार को जनपद पंचायत कटेकल्याण में सुबह 10 से 12 बजे तक आयोजन किया जाएगा। समस्त विभागीय अधिकारी निर्धारित तिथि तथा समय पर जनदर्शन के माध्यम से जिले के समस्त आमजनों से रूबरू होकर उनकी मांग, समस्या तथा शिकायत से संबंधित समस्याओं का निराकरण किया जाएगा।

### समीक्षा बैठक 8 को

**दंतेवाड़ा।** राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक 8 जनवरी को समय दोपहर 3 बजे से जिला कार्यालय के शंकनी सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी।

### सहायता राशि स्वीकृत

**बीजापुर।** राज्य शासन गृह विभाग द्वारा नक्सली पीड़ित व्यक्तियों की सुरक्षा एवं पुनर्वास के लिए स्वीकृत संशोधित कार्ययोजना आदेश के तहत अनुशंसा पश्चात क्रास फायरिंग में गोली लगने से घायल, मृत्यु आम नागरिकों के आश्रित परिवारों में से मासे सोढ़ी को 7 लाख रुपए सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

### ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति, 15 तक पंजीयन

**जगदलपुर।** शैक्षणिक सत्र 2023-24 में बस्तर जिला अंतर्गत संचालित समस्त शासकीय तथा अशासकीय महाविद्यालयों, विश्वविद्यालय, इंजीनियरिंग, मेडिकल, नर्सिंग कॉलेज, आईटीआई एवं पॉलिटेक्निक आदि प्राचार्य, संस्था प्रमुख, छात्रवृत्ति प्रभारी एवं उनमें अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों जो विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते हैं, उन्हें सूचित किया जाता है कि शिक्षा सत्र 2023-24 हेतु ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कक्षा 12वीं उच्चतर) के पंजीयन, स्वीकृत एवं वितरण की कार्यवाही वेबसाइट पर ऑनलाईन की जा रही है। जिसके अंतर्गत विभाग द्वारा ऑनलाईन आवेदन हेतु 15 जनवरी तक तिथि निर्धारित है।

### 7 से हाता ग्राउंड में होगी बस्तर टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट

**जगदलपुर।** जिला प्रशासन बस्तर के मार्गदर्शन में बस्तर के खिलाड़ियों के लिए जिला स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता 7 जनवरी से हाता ग्राऊण्ड में आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता के मैच 15-15 ओवर के होंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए इच्छुक टीमें 4 जनवरी तक 15 खिलाड़ियों की सूची मोबाईल नम्बर एवं आधार कार्ड (प्रत्येक खिलाड़ी) सहित खेल विभाग इंदिरा प्रियदर्शनी स्टेडियम, मैनेजर स्टेडियम समिति सुनील पिल्ले, वेद प्रकाश सोनी, जोगेन्द्र ठाकुर के पास जमा कर अपनी टीम का पंजीयन करा सकते है। प्रतियोगिता हेतु प्रवेश शुल्क एक हजार पांच सौ रुपए शब्दों में होगा। प्रतियोगिता में प्रवेश की अंतिम तिथि 4 जनवरी होगी। टूर्नामेंट के विजेता को 41 हजार रुपए एवं उप विजेता को 21 हजार रुपए का नकद पुरस्कार एवं ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। प्रत्येक मैच में खिलाड़ियों को मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी दी जाएगी। टूर्नामेंट के मैन ऑफ द सिरिज, बेस्ट बॉलर, बेस्ट बेट्रमेन, बेस्ट विकेटकिपर को पुरस्कृत किया जाएगा।

### स्वसहायता समूह के उत्पादों का स्टॉल भारत मण्डपम में

**जगदलपुर।** भारत सरकार, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा स्वसहायता समूह की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने एवं उनके द्वारा बनाएं गए उत्पाद को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए भारत सरकार द्वारा नई दिल्ली के प्रगति मैदान स्थित भारत मण्डपन में 3 से 10 जनवरी तक आत्मनिर्भर भारत उत्सव का कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इस उत्सव में राष्ट्रीय स्तर पर समस्त राज्यों के चिन्हांकित स्वसहायता समूहों एवं उनके उत्पादों को विक्रय एवं प्रचार-प्रसार के लिए स्टॉल प्रदान किया गया है। भारत सरकार के इस आयोजन से स्वसहायता समूहों के उत्पादों के विक्रय के लिए राष्ट्रीय स्तर पर एक मंच तो मिला है ।

### नगरनार लैम्प्स के 530 किसानों में से 223 ने बेचा धान

# 30 हजार के टारगेट में 10 हजार क्विंटल धान की खरीदी

हरिभूमि न्यूज : जगदलपुर



नया साल आते ही धान खरीदी केंद्रों में रौनक बढ़ गई है, नई सरकार से किसानों को मिल रही राहत का असर भी दिखने लगा है। बुधवार को हरिभूमि ने ओड़शि

- **टोकन लिए 16 किसानों का धान दिनभर में तौला गया**

सीमा पर स्थित नगरनार लेम्पस का जायजा लिया। जहां बड़ी संख्या में किसान अपने धान का तौल कांटा करवा रहे थे वहीं मिलर्स भी ट्रक लगाकर धान का उठाव करते दिखे। यहां 30 हजार क्विंटल धान का लक्ष्य है लेकिन अभी तक केवल 10 हजार क्विंटल यानि एक तिहाई धान की ही खरीदी हुई है। जनवरी माह में छुट्टियों को छोड़कर केवल 20 दिन में 20 हजार क्विंटल की खरीदी होने पर ही टारगेट पूरा हो सकेगा। लेम्पस प्रबंधक राजूराम कश्यप ने बताया कि खरीदी का प्रतिदिन का लिमिट 800 क्विंटल का है जिसे बढ़ाकर 1000 क्विंटल करने के लिए आवेदन दिया गया है। लेकिन अभी तक किसी तरह का आदेश नहीं मिलने से लेम्पस से 800 क्विंटल तक ही रोजाना खरीदी के लिए किसानों को टोकन दे रहे हैं। यदि लिमिट बढ़ा तो ही लक्ष्य के करीब पहुंचा जा सकता है। उन्होंने बताया कि पंजीकृत 530 किसानों में से 223 किसान यानि आधे से भी कम ने धान बेचा है। इस पूरे महीने धान बेचने का काम किसान करेंगे। वहीं सोसायटी में बारदाना और अन्य व्यवस्थाएं पर्याप्त है। मौसम को देखते हुए धान के बोरों को सुरक्षित रखने के लिए बारदाना भी है और गोदाम में पर्याप्त जगह भी है। उठाव की रफ्तार मिलर्स के द्वारा इसी तरह तेज रहा तो धान की सुरक्षा के लिए जो अलग से हमें व्यवस्था करनी पड़ती है और राशि भी खर्च होता है इसमें बचत होगा। कुल खरीदी 10285 क्विंटल धान में से 6640 क्विंटल का उठाव मिलर्स के द्वारा कर लिया गया है।

इस तरह अभी यहां 3645 क्विंटल धान का बचत है। अभी तक सवा 2 करोड़ की धान खरीदी हुई है जिसमें से 81 लाख का कर्ज वसूला गया है और किसानों को 1 करोड़ 41 लाख का नगद भुगतान किया गया है।

### कड़ी चौकसी के चलते ओडिशा के धान पर रोक

धान बेचने पहुंचे किसान लच्छीम, राम, राकेश, रामेश्वर, धनर, रामू, बसंत और राम प्रसाद ने हरिभूमि से चर्चा में कहा कि सरकार ने प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदने की व्यवस्था की है और आधे से ज्यादा किसान अभी भी धान बेचने नहीं आए हैं। इसे देखते हुए शेष बचे 20 दिन में इन किसानों का धान लेम्पस में आएगा। उन्होंने कहा कि धनपुंजी, नगरनार ओड़शि सीमा पर नाका में चेकिंग के कारण ओड़शि का धान यहां नहीं आ पा रहा है। सीमा पर फारेस्ट, आरटीओ, मंडी और पुलिस सभी के नाके हैं और 24 घंटे अधिकारी, कर्मचारियों की ड्यूटी रहती है इसलिए इस राष्ट्रीय राजमार्ग से अवैध धान लाना मुश्किल है।





## नववर्ष पर हुए स्पर्धा में मिला इनाम

**जगदलपुर।** एलआईसी इम्पलाईज स्पोर्ट्स एण्ड रेकरेशियन क्लब के द्वारा हर्षोल्लास के साथ नव वर्ष के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। लक्की पर्सन आफ दी इयर में नवीन बघेल एवं शान्ति नाग का चयन किया गया। हाउजी में प्रथम रजनी तिग्गा, द्वितीय राजेन्द्र पवार तथा तृतीय आदित्य सिंह रहे। राजेन्द्र भारती शाखा प्रबंधक के द्वारा पुरस्कार तथा सभी सदस्यों को न्यू ईयर गिफ्ट वितरित किए गए। कार्यक्रम का संचालन थामस फिलिप द्वारा किया गया तथा धन्यवाद ज्ञापन सचिव एसएस पिल्ले ने किया।

### विधायक ने किया धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण...



जगदलपुर। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक किरण देव जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र के धान खरीदी केंद्र पल्ली पहुंचे। उन्होंने समूचे व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया एवं अधिकारियों व कर्मचारियों को उचित कार्य करने निर्देश दिए।

## राजस्व के समय-सीमा से बाहर वाले प्रकरणों को सभी अनुविभागीय दंडाधिकारी प्राथमिकता से करवाएं निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

कलेक्टर विजय दयाराम के. ने राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेते हुए कहा कि राजस्व के समय-सीमा से बाहर वाले प्रकरणों

- **कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश**



को सभी अनुविभागीय दंडाधिकारी प्राथमिकता से निराकरण करवाएं। उन्होंने राजस्व कार्य के लिए जिले में उपलब्ध मानव संसाधनों का बेहतर उपयोग करने पर जोर देते हुए नए नायब तहसीलदारों को विभिन्न शाखाओं के साथ-साथ मैदानी स्तर पर होने वाली प्रशासनिक गतिविधियों का भी प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए। मंगलवार को जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक में राजस्व प्रकरण के दर्ज, निराकरण एवं लंबित की स्थिति का जायजा लेकर अधिकारियों को अपने स्तर पर लंबित प्रकरणों का निराकरण करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि राज्य स्तर पर राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक होने से पूर्व सभी राजस्व के प्रकरणों का निराकरण करना सुनिश्चित करें।

कलेक्टर ने राजस्व के दर्ज, निराकृत और लंबित प्रकरणों की समीक्षा के साथ ही तहसील वार अविवादित नामांतरण, लंबित अविवादित नामांतरण, भू- राजस्व के बकाया के रूप में वसूली न्यायालय में लंबित विवादित नामांतरण, विवादित खाता विभाजन, लंबित अविवादित खाता विभाजन, सीमांकन, व्यपवर्तन के लंबित प्रकरणों, भूमि त्रुटि सुधार के कार्य, भूमि बंटन, शासकीय भूमि का अतिक्रमण को रोकने और जुर्माना वसूली, संहिता की धारा 107,16(3)151 दांडिक प्रकरणों का निराकरण, असीमांकित क्षेत्र की सर्वेक्षण, मसाहती सर्वे, नक्शा नवीनीकरण और ऑनलाइन भुइयां पोर्टल में अपडेशन जैसे मामलों पर विस्तृत चर्चाकर समीक्षा की।

कलेक्टर ने आरबीसी 6-4 के तहत तहसीलदार के पास हस्तांतरित राशि में अतिरिक्त बजट को वापस करवाने के निर्देश दिए, ताकि आवश्यकता वाले क्षेत्र को आबंटित किया जा सके। उन्होंने असीमांकित क्षेत्र की सर्वेक्षण कार्य में प्रगति लाने के लिए राजस्व के मैदानी अमलों को समर्पित रूप से लगाए। बैठक में नगर पंचायत बस्तर चिन्हांकित क्षेत्र को नजूल घोषित करने के नियमों के अनुसार प्राथमिकता से कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसके अलावा धान खरीदी के संबंध में भी चर्चा किया गया।

## मरम्मत के चलते 5 घंटे बंद रही बिजली

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



शहर में गुरूवार को विद्युत लाईन एवं फीडर की मरम्मत के लिए 5 घंटे बंद रही, जिससे उपभोक्ता परेशान रहे। वहीं दूसरी मरम्मत कार्य में एक दर्जन से अधिक विद्युत कर्मचारी सहायक अभियंता निरंजन सिंह कंवर के नेतृत्व में जुटे रहे। शहर के एयरपोर्ट के लिए नया 11 केव्ही विद्युत लाईन विस्तार का कार्य एवं 11 केव्ही वृंदावन फीडर की मरम्मत कार्य बुधवार को किया गया। इससे सुबह 11 से शाम 4 बजे तक बिजली बंद रही, जिससे शहर के संतोषी वार्ड, सन्तोष किराना, चमड़ा गोदाम, मस्जिद, वृंदावन कॉलोनी, एअरपोर्ट, पोल फैक्ट्री, सोनीबाड़ा, कालीबाड़ी स्कूल, ब्रह्माकुमारी आश्रम एवं आसपास के उपभोक्ता प्रभावित रहे।

### कुम्हरावंड पहुंची संकल्प यात्रा...



जगदलपुर। विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत मोदी की गारंटी वाहन ग्राम कुम्हरावंड पहुंची। इस दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक किरण देव कार्यक्रम में शामिल हुए। इस मौके पर नन्हे बच्चों के द्वारा मनमोहक प्रस्तुति दी गई। उन्होंने उपस्थित जन को प्रधानमंत्री के विभिन्न योजना के बारे में बताते कहा कि योजना ग्राम-ग्राम तक पहुंच रही है जिससे सभी का विकास हो रहा है।

## नमो एप से केंद्र की योजनाओं की मिल रही सटीक जानकारी : देव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



भाजपा सोशल मीडिया विभाग द्वारा बुधवार को शहीद पार्क के पास चौपाटी में नमो ऐप प्रमोशन अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण सिंह देव सम्मिलित हुए। साथ ही जिला अध्यक्ष रूपसिंह मंडावी, प्रदेश प्रवक्ता संजय पांडेय, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विद्याशरण तिवारी, सोशल मीडिया विभाग के जिला संयोजक तेजपाल शर्मा ने इस दौरान चौपाटी के विभिन्न दुकानों में जाकर नमो एप इंस्टाल करने का आग्रह किया। किरण सिंह देव ने नमो एप के लाभ के बारे में बताते हुए कहा कि नमो एप से केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार की योजनाओं की जानकारी जनता तक आसानी से पहुंच जाती है। देश के प्रत्येक व्यक्ति को नमो एप के माध्यम से केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर उनका लाभ लेना चाहिए। रूपसिंह मंडावी ने कहा कि नमो एप के माध्यम से केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जनता तक आसानी से पहुंच रही हैं।

लोगों को ज्यादा से ज्यादा लाभ प्राप्त करने के लिए नमो एप इंस्टाल करना चाहिए। संजय पांडेय ने कहा कि नमो एप केंद्र सरकार की योजनाओं के सर्वसुलभ होने का माध्यम है। जनहितैषी योजनाओं की जानकारी प्राप्त करने के लिए जनता को नमो एप इंस्टाल करना चाहिए, ताकि वे इसका लाभ प्राप्त कर सकें। तेजपाल शर्मा ने कहा कि नमो एप के माध्यम से केंद्र सरकार की योजनाएं और उनकी गतिविधियां जनता के लिए सर्वसुलभ हो चुकी हैं। संचालन लक्ष्मण झा ने किया। इस दौरान योगेंद्र पांडेय ,रामाश्रय सिंह, वेद प्रकाश पांडे, आलोक अवस्थी, लक्ष्मी कश्यप, सुधा मिश्रा, अविनाश श्रीवास्तव, अनिल लुकड़, राकेश तिवारी, आर्येन्द्र सिंह आर्य, शशिनाथ पाठक, कमल पटवा, पंकज आचार्य, अनिमेष सिंह चौहान, रिंकु पांडेय, गीता नाग, सिमा यादव, शिरीष मिश्रा, विरेंदर जोशी, प्रदीप पाढ़ी, योगेश पाणिग्रही, नीलम यादव, फुलेश्वरी कराई, रोशन सिसोदिया, माहेश्वरी ठाकुर, आनंद झा, देवेश चांडक समेत कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## रंगोली और चित्रकला में पुरस्कृत हुए विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



शासकीय काकतीय महाविद्यालय में बुधवार को प्राचार्य के मार्गदर्शन में विकसित वाइस ऑफ यूथ के अंतर्गत रंगोली और चित्रकारी प्रतियोगिता का अयोजन किया गया। मुख्य वक्ता प्रो. बीपी साहू वनस्पति विज्ञान रहे। महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। प्राचार्य डॉ. अतुल त्रिवेदी ने बताया कि विकसित भारत में अपनी स्वतंत्रता की शताब्दी तक राष्ट्र को एक विकसित इकाई में बदलने की भारत सरकार की महत्वाकांक्षी दृष्टि का प्रतिनिधित्व करता है। इसमें आर्थिक समृद्धि, सामाजिक उन्नति, पर्यावरणीय स्थिरता और प्रभावी शासन जैसे विकास के विविध पहलुओं को शामिल किया गया है। यह दृष्टिकोण उस महत्वपूर्ण मोड़ को रेखांकित करता है जिस पर भारत वर्तमान में खड़ा है। इस दृष्टिकोण को साकार करने के लिए अटूट समर्पण, भारत की नियति में दृढ़ विश्वास और इसके लोगों, विशेषकर युवाओं की विशाल संभावित प्रतिभा और क्षमताओं की गहन पहचान की आवश्यकता है। सबसे बड़ी जनसांख्यिकीय हिस्सेदारी के साथ युवा 2047 तक भारत को प्रभावी भारत की ओर ले जाने में अग्रणी के रूप में तैनात हैं। युवाओं को एक युवा आंदोलन के माध्यम से परिवर्तनकारी एजेंडे में सक्रिय रूप से शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं में चित्रकला प्रतियोगिता में अंतू बघेल, कुंती कश्यप, गायत्री, लखिता बघेल, तनिषा ठाकुर सम्मलित थी। जबकि रंगोली प्रतियोगिता में मनशिला नाग, तनीशा, राखी, लक्ष्मी ने भाग लिया। चित्रकला में तनीशा ठाकुर और रंगोली में तनीशा व राखी, लक्ष्मी विजेता बनी।

## भारी भरकम जुर्माना और लंबी सजा का प्रावधान वाहन चालकों के प्रति अन्याय : मलकीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



मोदी सरकार के काले कानून के खिलाफ ड्राइवरों द्वारा देश भर में हो रहे हड़ताल का समर्थन करते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदू ने कहा कि निजी बीमा कंपनियों को मुनाफा पहुंचाने के लिए यह जन विरोधी नीति थोपी गई है। वाहन चालक आर्थिक रूप से इतना सक्षम नहीं होते हैं कि 7 लाख रुपए का जुर्माना पटा सके। गरीब ड्राइवरों पर दोहरी मार मोदी सरकार के फैसले से पड़ने वाली है, एक तरफ भारी भरकम जुर्माना, दूसरी तरफ 10 साल जेल की सजा ऐसे में जब परिवार का कमाने वाला मुखिया एक ड्राइवर 10 साल के लिए जेल चला जाएगा तो उसके परिजनों का क्या होगा, उनका भरण पोषण कैसे होगा। मोदी सरकार के द्वारा थोपे गए इस काले कानून से देश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले वाहन चालक वर्ग भयभीत है। दुर्घटना जानबूझकर नहीं होते, ऐसे में भारी भरकम जुर्माना और लंबी सजा का प्रावधान आम वाहन चालकों के सामर्थ्य से बाहर हैं, अमानवीय है, अव्यावहारिक है।

